# प्रश्न बैंक

# हिन्दी

## कक्षा - 5

# पाठ -1
# मैं अमर शहीदों का चारण

**सही उत्तर चुनकर सही ✔ का निशान लगाओ।**

1. **इनमें से शब्दार्थों की सही जोड़ी है–**
   (अ) अमर – जो न मरे (ब) गाथा – गायक (स) सर्द – रहस्य
2. **रक्त का अर्थ है–**
   (अ) खाली (ब) खून (स) रास्ता
3. **यश का विलोम/विपरीत अर्थ वाला शब्द है–**
   (अ) आकाश (ब) अपयश (स) काश
4. **'कच्चा' का समानोच्चारित शब्द है–**
   (अ) बच्चा (ब) लुच्चा (स) पुच्चा
5. **इनमें से कौन–सा शब्दकोश के क्रम से पहले आएगा–**
   (अ) अदरक (ब) औरत (स) इधर
6. **विलोम शब्दों की कौन–सी जोड़ी गलत है–**
   (अ) अमीर – धनवान (ब) यश – अपयश (स) आजादी – गुलामी
7. **इनमें से कौन–सा शब्द उल्टा लिखने पर सार्थक शब्द बनेगा–**
   (अ) पानी – नीपा (ब) मना – नाम (स) सजा – जास
8. **अनेक शब्दों के लिए एक शब्द वाली सही जोड़ी है–**
   (अ) जो न मरे – अमर (ब) राष्ट्र के लिए मर–मिटने वाला – चारण
   (स) कीर्ति के गीत गाने वाला गायक – शहीद
9. सैनिकों के बारे में तुम क्या–क्या जानते हो? लिखो।
10. तुम देश की सुरक्षा में कैसे सहयोग करोगे? लिखो।
11. अपने प्रिय नेता के बारे में अपने विचार लिखो।
12. तुम्हारे विद्यालय में राष्ट्रीय पर्व किस तरह मनाते हैं? लिखो।
13. राष्ट्रप्रेम से संबंधित कोई गीत या कविता लिखो।

**प्रदत्त कार्य** : 1. राष्ट्रप्रेम से संबंधित स्लोग (नारे) एकत्र करके लाओ।

पोर्टफोलियो 1. क्रांतिकारियों के चित्र एकत्र कर स्क्रैप बुक में लगाओ। 2. क्रांतिकारियों के बारे में जानकारियाँ लिखकर कक्षा की दीवारों पर सजाओ।

# पाठ - 2

# घी, गुड़ और शहद देने वाला वृक्ष

**सही उत्तर चुनकर सही ✔ का निशान लगाओ।**

**1. बगीचे की ............................ देखकर मेरा मन खुश हो गया।**

(अ) सुन्दरता (ब) मधुरता (स) मिठास

**2. 'देखो मुकुल कितनी उछल–कूद कर रहा है। बड़ा हो गया पर लगता है उसका ................................... अभी तक नहीं गया है।'**

(अ) बनावटीपन (ब) अनमनापन (स) बचपन

**3. इनमें से 'परिचय' का अर्थ है–**

(अ) मात्रा (ब) पहचान (स) सुगमता

**4. पुष्प में 'इत' प्रत्यय लगाने पर वह होगा–**

(अ) पल्लवित (ब) पुष्पित (स) प्रभावित

**5. 'विज्ञान' में 'इक' प्रत्यय लगाकर बनेगा–**

(अ) वैज्ञनिक (ब) वैज्ञानिक (स) विज्ञानिक

**6. 'गंध' शब्द में 'सु' उपसर्ग जोड़ने पर होगा–**

(अ) सुगध (ब) सुगन्धन (स) सुगंध

**7. वाक्य को पूरा करो–**

'पेड़ की ......................... जमीन के अन्दर होती है'–

(अ) तना (ब) पत्ते (स) जड़

**8. "सुगंध" दो शब्दों को जोड़कर बना है। नीचे "सु" में जोड़कर कुछ और शब्द भी बनाओ।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सु | म | | चा |
| सु | | र | मा |
| सु | रु | यो | |
| सु | | य | ग |
| सु | र्ग | न | क्षा |

**9. "इत" लगाकर दो नए शब्द बनाओ। (जैसे– लिख + इत = लिखित)**

प्रफुल्ल + .................. = ..................

गूँज + .................. = ..................

सुगंध + .................. = ..................

गर्व + .................. = ..................

10. अपने आस–पास पाए जाने वाले पाँच वृक्षों के नाम और उनके उपयोग लिखो।
11. तुम्हारे क्षेत्र में कौन–कौन से वृक्षों की पूजा की जाती है और क्यों? कारण जानने का प्रयास करो और लिखो।
12. उन फलों के नाम लिखो जिन्हें कच्चा खाया जाता है।
13. अगर हमारे जीवन में पेड़–पौधे नहीं होते तो क्या होता? कल्पना करो और लिखो।
14. बिजली गुल होने पर तुम अपने घर में किन–किन साधनों से उजाला करते हो? उनके नाम लिखो।
15 यदि वन पूरी तरह से समाप्त हो जाएँ तो क्या होगा? अपने शब्दों में लिखो।
16. हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महुएं, नीम, आम, पीपल आदि कई महत्वपूर्ण वृक्ष पाए जाते हैं। इनमें से किसी एक पेड़ के बारे में जानकारी हासिल कर उसे लिखो।

**प्रदत्त कार्य**

1. अपने आसपास मिलने वाले औषधीय गुण वाले वृक्ष एवं पौधों के बारे में जानकारियाँ संकलित करो।
2. अपने आस–पास मिलने वाले वृक्षों एवं पौधों के दैनिक जीवन में उपयोग के संबंध में जानकारियाँ संकलित करो।

नीचे एक अधूरी कहानी दी जा रही है, उसे ध्यान से पढ़ों और प्रत्येक खाली स्थान पर अपने अनुसार सही शब्द भरने का प्रयास करो–

**कहानी** : ''एक चिड़िया ................ कहीं से एक मोती मिला। चिड़िया ने उसे अपनी नाक में ............ लिया। वह राजा के महल पर जा ................ और गाना ................ लगी। मैं राजा से बड़ी, मेरी नाक में .. ..............।'' यह सुनकर राजा ................ बहुत गुस्सा आया। उसने सिपाहियों ................ कहा, ''चिड़िया ................ मोती छीन ................।'' उन्होंने झट जाकर ................ से मोती ................ लिया। तो चिड़िया ने गाया ''................ भिखारी मेरा ................ छीन लिया।'' ................ बेचारा शर्मिन्दा हो ................ उसने ................ का ............. उसे वापस कर दिया। चिड़िया मोती लेकर फुर्र से ................ गई।

**पोर्टफोलियो** 1. ऐसी ही छोटी–छोटी कहानियाँ संकलित करो और अपने साथियों को भी सुनाओ। उन्हें पोर्टफोलियों में रखो। 2. वृक्ष अथवा पौधे का चित्र बनाकर उस पर रंग भरो।

**दी गई कविता को पढ़कर भाव अपने शब्दों मे लिखो**–

आओ मिलकर वृक्ष लगाएँ, हरी–भरी यह धरा बनाएँ।
साफ हवा–पानी को रखकर, जीवन में खुशहाली लाएँ।।
जितना ये मानव को देते, बदलने में कुछ भी न लेते।
बुरी नजर से इन्हें बचाकर, धरती का श्रृंगार सजाएँ।।

# पाठ - 3
# सोन के फर

**सही उत्तर चुनकर सही ✔ का निशान लगाओ।**

**1. फूल चारों ओर ...................... गए।**

(अ) गिर (ब) बिखर (स) रख

**2. जिस कहानी को तुम अपने बड़ो के मुख से सुनते हो उसे कहते हैं–**

(अ) लोककथा (ब) सलाह–मश्वरा (स) बातचीत

**3. 'रसोईघर' उस जगह को कहते हैं–**

(अ) जहाँ हम भोजन पकाते हैं (ब) जहाँ हम सोते हैं (स) जहाँ हम पढ़ाई करते हैं

**4. गाय और बकरी है–**

(अ) पालतू जानवर (ब) जंगली जानवर (स) बेकार के जानवर

**5. 'पसीने की कमाई' का मतलब है–**

(अ) फालतू की कमाई (ब) मेहनत की कमाई (स) आराम की कमाई

**6. लोककथा किसे कहते हैं? लिखो।**

**7. अपने क्षेत्र की लोककथाओं के बारे में जानकारी लो और उसे लिखो।**

**8. लोकगीत और लोकगाथा/लोककथा में क्या अंतर है? पूछो और लिखो।**

**प्रदत्त कार्य**

किसी भी लोककथा का अभिनय अपनी कक्षा में ही करने का प्रयास करो।

**पोर्टफोलियो**

अपने क्षेत्र की विभिन्न कहावतों/मुहावरों को एकत्र करो और अपनी फाईन बनाओ।

# पाठ - 4
# मैं सड़क हूँ

**सही उत्तर चुनकर सही ✔ का निशान लगाओ।**

1. **निम्नांकित में से कौन सा शब्द बारहखड़ी के क्रम में सबसे पहले आएगा–**
   (अ) खैर (ब) खिड़की (स) खीर
2. **निम्नांकित शब्दों में से बारहखड़ी के क्रम में सबसे अंत में कौन सा शब्द आएगा–**
   (अ) खरगोश (ब) खुशी (स) खूब
3. **'शोभा' का शब्दार्थ है–**
   (अ) शुभ (ब) सुंदर (स) चमक
4. **'डामर' किसे कहते हैं–**
   (अ) कोलतार को (ब) सड़क को (स) कोयला को
5. **'दुर्घटना' का अर्थ है–**
   (अ) बुरी घटना (ब) दूध का घट जाना (स) अच्छी घटना
6. **'दार' और 'आहट' प्रत्यय लगाकर दो–दो शब्द लिखो।**
7. **नीचे लिखे गद्यांश में विराम–चिन्हों का प्रयोग करते हुए गद्यांश को फिर से लिखो।**
   स्कूल–कॉलेज अस्पताल महल झोंपड़ी बाग बगीचे हाट–बाजार और न जाने कहाँ कहाँ मेरी पहुँच है कहने का मतलब यह है कि मैं ही सबको मंजिल तक पहुँचाती हूँ
8. **नीचे लिखे गद्यांश से विशेषण शब्दों को अलग करो।**
   छः–सात महिलाएँ सुंदर गहने पहनकर सुरीली आवाज में वैवाहिक गीत गा रही थीं। उसे सुनकर अच्छा लगा।

**प्रोजेक्ट**

9. तुम्हारे आस–पास बन रही किसी सड़क को देखो, जानों और उसके निर्माण की प्रक्रिया को लिखो।
10. सड़क पर 10 पंक्तियाँ लिखो।
11. बड़े शहरों में शहर के बीच में विभाजक लगे रहते हैं– क्यों? ऐसा न करने से क्या होगा।
12. सड़क पर तुमने 'टोल–टैक्स' नाका देखा होगा यह क्या है? इसके बारे में पता कर लिखो।
13. अगर सड़क बोल सकती तो अपने ऊपर कूड़ा कचरा फेंकने वालों से क्या कहती? कल्पना कर लिखो।
14. पगडंडी और सड़क में अंतर लिखो।

15. इन पहेलियों को बूझ कर उनके नाम लिखों–

    1. सबको घर–घर पहुँचाती हूँ पर खुद न जा–आ पाती हूँ।

    2.मुझ पर चलकर कर लो सैर ऐसी डंडी जिसमें पैर।

**प्रोजेक्ट**

1. छत्तीसगढ़ी या हिन्दी भाषा की 5–5 पहेलियाँ खोजकर लिखो।
2. सड़क संकेत की इन रंगों की बत्तियों का क्या मतलब है–

   हरा .............................. पीला .............................. लाल ..............................

**पोर्टफोलियो**

सड़क संकेतों के चिह्न एकत्र कर उन्हें अपने पोर्टफोलियों में लगाओ।

**प्रदत्त कार्य**

1 प्रधानमंत्री सड़क योजना क्या है? इसकी जानकारी पता कर लिखो।

2. राजमार्ग (हाइवे) क्या है? लिखो।

# पाठ - 5
## रोबोट

**निम्नलिखित वाक्यों से विशेषण छाँटकर लिखो–**

**1. यह तो अनूठा उपहार है–**
(अ) यह (ब) अनूठा (स) उपहार

**2. बाजार से रंगीन फीता लाओ–**
(अ) बाजार (ब) रंगीन (स) फीता

**3. बोझ उठाना कठिन काम है–**
(अ) बोझ (ब) कठिन (स) काम

**4. लोगों की मृत्यु जहरीली गैस से हुई–**
(अ) लोगों की (ब) मृत्यु (स) जहरीली

**5. दरवाजे को चमकीले कागज से सजाओ–**
(अ) दरवाजा (ब) सजाओ (स) चमकीले

**6. 'खिलौने' शब्द का एकवचन होगा–**
(अ) खिलौना (ब) खेलना (स) खेल

**7. 'खिड़की' शब्द का बहुवचन है–**
(अ) खिडकीयाँ (ब) खिड़कियाँ (स) खिड़कीगण

**8. 'मित्र' शब्द का बहुवचन है–**
(अ) मित्रगण (ब) मित्रता (स) मित्रपन

**9. 'डिब्बियाँ' का एकवचन क्या है–**
(अ) डिब्बी (ब) डिब्बीजन (स) डिब्बों

**10. 'बेटा' शब्द का बहुवचन है–**
(अ) बेटे (ब) बेटू (स) बेटागण

11. 'रोबोट' क्या–क्या काम कर सकता है? लिखो।

12. रोबोट और आदमी में अंतर लिखो।

13. तुम अपने मित्र के जन्मदिन पर क्या–क्या करते हो?

14. तुम अपना जन्मदिन कैसे मनाते हो?

15. शाला में महापुरुषों का जन्म–दिन किस तरह मनाया जाता है?

16. तुम्हारी पाँच ऐसे महापुरुषों के नाम लिखो जिनका जन्मदिन (जयंती) तुम्हारी शाला में मनाया जाता है।

**पोर्टफोलियो** : अपने या अपने मित्र का जन्म दिवस मनाने के लिए किन–किन वस्तुओं की आवश्यकता होगी, उनकी सूची बनाओ।

**प्रदत्त कार्य** : तुम अपना जन्मदिन मनाना चाहोगे या नहीं? कारण सहित लिखो।

# पाठ - 6
# चित्रकार मोर

**सही उत्तर चुनकर सही ✔ का निशान लगाओ।**

1. **'पक्षी' का शब्दार्थ है–**

   (अ) पंछी (ब) पूँछ (स) पक्ष

2. **'रंगीन' का विलोम शब्द है–**

   (अ) रंग–बिरंगा (ब) रंगहीन (स) रंगीला

3. **मोर ने रंगों की पिटारी खोल दी। इस वाक्य में क्रिया है–**

   (अ) पिटारी (ब) खोल दी (स) मोर

4. **मोर का पर्यायवाची है–**

   (अ) मयूर (ब) चातक (स) कोकिल

5. **'श्वेत' का विलोम शब्द है–**

   (अ) श्याम (ब) रंगीन (स) लाल

6. तुम्हें कौन सा रंग सबसे अधिक पसंद है और क्यों? इस रंग की 5 वस्तुओं के नाम लिखो।
7. इंद्रधनुष में कितने रंग होते हैं? नाम लिखो।
8. पाँच रंगीन वस्तुओं के नाम लिखो।
9. पाँच बहुरंगी वस्तुओं के नाम लिखो।
10. अगर रंग न होते तो दुनिया कैसी होती? सोचकर लिखो।
11. नक्शे में समुद्र और नदियों को किस रंग से दर्शाया जाता है?
12. ट्रेनों के यातायात में रंग कहाँ काम आते हैं? उन रंगों का मतलब क्या है?
13. हमारे राष्ट्रीय पक्षी के विषय में तुम क्या जानते हो? लिखो।

**प्रदत्त कार्य**

2. तुम्हारे आस–पास रहने वाले पक्षियों के नाम लिखकर उनके रंगों का उल्लेख करो।
3. पक्षियों का महत्व हमारे पर्यावरण के लिए क्या है? पता कर 10 पंक्तियों में एक रचना इस
4. विषय पर लिखो।

# पाठ - 7
# क्यूँ-क्यूँ छोरा

**सही उत्तर चुनकर सही ✔ का निशान लगाओ।**

**1. 'बुदबुदाना' का अर्थ है–**
(अ) धीरे–धीरे बोलना (ब) गुस्सा करना (स) बूँद–बूँद टपकना

**2. 'काला साँप' शब्द में ''काला'' है–**
(अ) संज्ञा (ब) सर्वनाम (स) विशेषण

**3. इनमें से सही वाक्य होगा–**
(अ) रीमा बकरि का पीच्छा कर रही है (ब) रीमा बकरी का पीछा कर रही है
(स) रीमा बकरी का पेछा कर रहा है

**4. 'साँप' का पर्यायवाची है–**
(अ) नेवला (ब) विषधर (स) छछुँदर

**5. 'प्त्र' शब्द का तद्भव रूप है–**
(अ) पत्ता (ब) पत्रा (स) पेटी

**6. 'मोहिनी के पास एक सुन्दर टोकरी है।' इस वाक्य में 'टोकरी' शब्द है–**
(अ) विशेषण (ब) विशेष्य (स) क्रिया

**7. 'सिर' शब्द का तत्सम रूप है–**
(अ) शीश (ब) सीश (स) शिश

8. शाला में तुम कौन–कौन सी वस्तुएँ देखते हो, जो पढ़ने, लिखने के लिए जरूरी हैं उनकी सूची बनाओ।

| पढ़ना | लिखना |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

9. अपनी शाला या कक्षा के उन बच्चों या बच्चियों के नाम लिखो जो घरेलू कार्यों के कारण शाला नहीं आ पाते।

10. जब कक्षा में तुम्हारे मन में कुछ प्रश्न उठते हैं तो तुम शिक्षक से प्रश्न पूछते हो या झिझकते हो? हमें प्रश्न क्यों पूछने चाहिए?

11. लड़कियों को भी लड़कों के समान पढ़ाई क्यों करनी चाहिए? सोचो और लिखो।
12. नीचे कुछ ऐसे प्रश्न लिखो, जिन्हें पूछते समय तुम झिझकते हो?
13. खाली डिब्बों को भरकर 'गाड़ीवान' की तरह अन्य शब्द बनाओ, जिसके अंत में वान प्रत्यय लगा है।

| गा | ड़ी | वा | न |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

14. यदि तुम बड़े होकर शिक्षक या शिक्षिका बनोगे तो बच्चों के लिए क्या–क्या कार्य करोगे सोचकर लिखो।
15. साँप के काटने पर हमें क्या करना चाहिए? लिखो।

## प्रदत्त कार्य

1. अपने आसपास पाए जाने वाले साँपों के नामों की सूची बनाओ एवं किसी एक साँप का चित्र
2. बनाकर उसका नाम लिखो और रंग भरो।
3. क्या साँपों से जुड़ी (संबंधित) कोई कहानी, कविता या घटना तुमने किसी से सुनी है या पढ़ी है उसे लिखो।
4. साँपों से जुड़े किसी त्यौहार या पर्व के बारे में लिखो, जो तुम जानते हो।

## पोर्टफोलियो

1. शासन द्वारा आदिवासियों के जीवन को सुधारने के बहुत प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों को शिक्षक या अपने बड़ों से पूछकर अपनी फाईल में लिखो।

# पाठ - 8
# स्वामी आत्मानन्द

1. नीचे दिए गए शब्दों को अपनी भाषा में लिखो–




2. नीचे दिए गए चित्रों को पहचानकर उनके नाम लिखो–







.............................................   .............................................   .............................................





.............................................   .............................................

3. अपने घर से स्कूल आते समय रास्ते के आसपास जो भी विज्ञापन आप देखते हैं, उनमें सेकोई एक विज्ञापन यहाँ लिखो। इन्हें अपनी भाषा में भी लिखो।

**प्रदत्त कार्य**

1. अपने आस–पास गाँव या घर में कोई ऐसा व्यक्ति हो जिन्होंने समाज की भलाई के लिए कोई काम किया हो, उनके बारे में लिखो–

| | | |
|---|---|---|
| नाम | – | ........................................ |
| जन्मतिथि | – | ........................................ |
| जन्म स्थान | – | ........................................ |
| पिता का नाम | – | ........................................ |
| माता का नाम | – | ........................................ |
| शिक्षा | – | ........................................ |
| उनके कार्य | – | ........................................ |
| | | ........................................ |

**पोर्टफोलियो**

1. स्थानीय व्यक्तियों के बारे में जानकारियाँ, फोटो आदि संकलित करो, जिन्होंने समाज हित में कोई कार्य किया हो।

2. तुम बड़े होकर किस महापुरुष की तरह बनकर समाज सेवा करना चाहोगे? अपने विचार लखें।

# पाठ - 9
# श्रम के आरती

1. **अपने क्षेत्र की भाषा में उपयोग में आने वाले पाँच ध्वनि वाले शब्दों की सूची बनाओ–**
   जैसे– आता, जाता, खाता।
   **नए शब्द–**

   ........................... ........................... ........................... ...........................

   ........................... ........................... ........................... ...........................

   ........................... ........................... ........................... ...........................

2. **नीचे दिए गए शब्दों को अपनी भाषा में लिखो–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आगे | ........................ | जीत | ........................ | ........................ | ........................ |
| दिन | ........................ | नीचे | ........................ | ........................ | ........................ |
| हार | ........................ | बाहर | ........................ | ........................ | ........................ |
| अंदर | ........................ | पीछे | ........................ | ........................ | ........................ |
| आगे | ........................ | रात | ........................ | ........................ | ........................ |

3. अपनी भाषा में कोई एक कविता लिखो–
4. चित्र को देखकर अपनी भाषा में इसके बारे में लिखो–
5. हमें मेहनत क्यों करनी चाहिए?
6. यदि संसार के सभी मनुष्य मेहनत करना छोड़ दें तो क्या होगा?

**प्रदत्त कार्य**

1. तुम्हारी भाषा में तुम्हारे घर या आसपास अक्सर बोली जाने वाली कोई दो पहेलियाँ ढूँढ़कर लखो।

**पोर्टफोलियो**

1. तुमने अपने आसपास अपनी भाषा के कई लोकगीत सुने होंगे। ऐसा ही कोई एक लोकगीत ढूँढ़कर लिखो और उसे अपने पोर्टफोलियो में रखो।

# पाठ - 10
# समय सबसे अमूल्य धन

**सही उत्तर चुनकर सही ✔ का निशान लगाओ।**

1. **'क्षणिक' का अर्थ है–**
   (अ) क्षण–क्षण (ब) एक पल का (स) पल–पल का
2. **'व्यर्थ' का शब्दार्थ है–**
   (अ) व्यय (ब) खर्च (स) बेकार
3. **'नसीब' का विलोम शब्द है–**
   (अ) खुश नसीब (ब) बदनसीब (स) बेनसीब
4. **इनमें से शुद्ध रूप है–**
   (अ) सदुपयोग (ब) सदूपयोग (स) सदुउपयोग
5. **इनमें से शुद्ध रूप है–**
   (अ) अमूल (ब) अमूल्य (स) अमुल्य
6. क्या होता है, जब थोड़े समय के लिए तुम्हें कहीं जाते समय देर हो जाती है? लिखो।
7. जब कहीं जा रहे हो और बस छूट जाती है, तब क्या करते हो? लिखो।
8. जब स्कूल में प्रार्थना की घंटी बज गई हो, और तुम्हें देर हो गई हो तब तुम क्या करते हो? लिखो।

9. **सोचो और लिखो–**
   (क) जब तुम पहली कक्षा में थे, तब क्या–क्या बदमाशी करते थे? लिखो।
   (ख) तुम्हें क्या–क्या काम करना पसंद है? लिखो।
   (ग) जब तुम बड़े हो जाओगे तब क्या–क्या काम करना चाहोगे? लिखो।
10. पता करो और लिखो कि तुम्हारे दादा–दादी या बुजुर्ग समय जानने के लिए क्या करते थे।
11. तुम या तुम्हारें मित्र शाला जाने एवं छुट्टी का समय जानने के लिए क्या करते थे? लिखो।

**पोर्टफोलियो**

1. घड़ी का चित्र बनाओ।
2. कल जो कुछ भी हुआ, तुमने दिनभर में जो–जो काम किए उस पर एक दिन की डायर लिखो।

# पाठ - 11
## महामानव

1. **नीचे लिखे शब्दों के अर्थ वर्ग पहेली में खोजो और लिखो।**

हताश ..............................

अवाक ..............................

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नि | रं | का | र | ज | द |
| फ | रा | ह | स | द | या |
| ल | ह | श | श | ज | लु |
| क | अ | न | जा | न | त |
| फ | बो | ल | न | पा | ना |

अजनबी ..............................

रहमदिल ..............................

**सही उत्तर पर सही का निशान लगाओ।**

2. 'शांत' का विलोम शब्द होगा–
(अ) निशांत (ब) अशांत (स)प्रशांत (द) सुशांत

3. **'भला' का विपरीत अर्थ वाला शब्द है–**
(अ) भोला (ब) आदमी (स) भाला (द) बुरा

4. **'अमीर' शब्द का विरोधी शब्द है–**
(अ) गरीब (ब) व्यक्ति (स) पैसे वाला व्यक्ति (द) अमीर खान

5. **क्या कभी तुमने किसी बूढ़े या लाचार व्यक्ति की मदद की है? लिखो।**

6. **तुम किस तरह के कामों में दूसरों की मदद लेना चाहते हो? लिखो।**

7. **किन्हीं पाँच देशों के नाम लिखो?**

.................................... .................................... ....................................
.................................... .................................... ....................................

8. **तुम्हारी अम्मा या आसपास के लोग अपने घरों में क्या–क्या जलाकर या किससे भोजन पकाते हैं? लिखो।**

.................................... .................................... ....................................
.................................... .................................... ....................................

9. **नीचे लिखे शब्दों के विलोम शब्द लिखो–**

जैसे– सूखी–गीली

वजनदार – .................................. कमजोर – ..................................

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बड़ी | – | ................................. | विश्वास | – | ................................. |
| झुकना | – | ................................. | भला | – | ................................. |
| शांत | – | ................................. | गलत | – | ................................. |

**10. सुशांत और रेखा बातचीत करने में कुछ गलतियाँ कर रहे हैं तुम उसे सुधार कर लिखो–**

| | | |
|---|---|---|
| सुशांत | – | रेखा, तुम्हारा हिन्दी की किताब कहाँ है? |
| रेखा | – | भाई, मेरे सहेली के घर छोड़ दिया हूँ। |
| सुशांत | – | तो तुम आज अपना होमवर्क कैसे करेगा? |
| रेखा | – | शाम तक मेरी सहेली वापस कर देगा। |

**11. बूढ़ी अम्मा को सामने से एक बिना जान–पहचान का आदमी आते दिखा जिसे 'अजनबी' भी कहा जाता है। तुम सोचो और लिखो की इन्हें एक शब्द में क्या कहेंगे–**

| | | |
|---|---|---|
| राह चलने वाला | – | ................................................................. |
| जिसके पास धन न हो | – | ................................................................. |
| जो स्वतंत्र न हो | – | ................................................................. |
| जादू दिखाने वाला | – | ................................................................. |

**12. इन उत्तरों के लिए प्रश्न बनाओ।**

**प्रश्न** :–.................................................................................................................................

उत्तर :– हाँ, मुझे भूख लगी है।

**प्रश्न** :–.................................................................................................................................

उत्तर :– कुछ चटपटा गरमा–गरम चीज।

**प्रश्न** :–.................................................................................................................................

उत्तर :– हाँ, मैंने अपने हाथ धो लिए हैं।

प्रश्न :– .................................................................................................................................

उत्तर :– मजा आ गया। मिठाई बड़ी ही स्वादिष्ट बनी थी।

**प्रश्न** :–.................................................................................................................................

उत्तर :– नहीं, मेरा पेट भर गया।

**प्रदत्त कार्य**

तुम्हारे गाँव में या आसपास ऐसा कोई व्यक्ति होगा, जो दूसरों की भलाई के काम करता होगा। उसके बारे में जानकारी इकट्ठी करके लिखो।

# पाठ - 12
# गुंडाधूर

**सही उत्तर पर ✔ का निशान लगाओ–**

1. लालच + ई = होगा–
   (अ) ललचाई (ब) लालची (स) ललचाई

2. **'वाला' प्रत्यय जुड़ा है–**
   (अ) हवाला में (ब) दिवाला में (स) फलवाला में

3. **'कपट' का विलोम शब्द है–**
   (अ) निष्कपट (ब) सरपट (स) दरवाजा

4. **'प्र' उपसर्ग जुड़कर बना है–**
   (अ) प्रकार (ब) प्रगति (स) प्रतिफल

5. **'न्याय' करने वाले को एक शब्द में कहेंगे–**
   (अ) न्यायालय (ब) न्याय (स) न्यायधीश

6. अ + मूल्य त्र अमूल्य शब्द बना है ऐसे ही 'अ' उपसर्ग वाले तीन शब्द लिखो।

7. सोचो और लिखों जो आदिवासी जंगल के आसपास रहते हैं उन्हें जंगल से क्या–क्या चीजें मिलती हैं?

8. बस्तर के अधिकांश निवासियों की आजीविका वन पर आधारित थी। तुम्हारे क्षेत्र के लोगों की आजीविका किस पर आधारित है?
9. तुम्हारे गाँव/शहर में युवकों का कोई न कोई संगठन होगा। उसके बारे मे पताकर उसके कार्यें को लिखो।

## प्रदत्त कार्य

छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम की सूची बनाओ।

## पोर्टफोलियो

तीर–धनुष, लिए एक आदिवासी का चित्र बनाकर रंग भरों और पोर्टफोलियों में रखो।

# पाठ - 13
# जंगल के राम कहानी

1. खंड 'अ' एवं खंड 'ब' की सही जोड़ियाँ बनाओ।

| खंड अ | | खंड ब | |
|---|---|---|---|
| क. | पशु–पक्षी का नाम | विशेषताएँ | सही उत्तर |
| 1. | हाथी | जंगल का राजा कहलाता है | |
| 2. | मोर | पेड़ पर उछलता–कूदता रहता है | |
| 3. | भालू | बादलों को देखकर नाचता है | |
| 4. | बंदर | इसके शरीर पर लंबे–लंबे बाल होते है | |
| 5. | शेर | सूपा जैसे कान व लंबी सूड़ वाला होता है | |

2. सही/गलत का निशान लगाओ–

1. हम जंगल में रहते हैं। – ( )
2. हमारे पूर्वज जंगल में रहते थे – ( )
3. जंगल के कारण प्रदूषण फैलता है। – ( )
4. जंगल के कारण बादल बरसते हैं। – ( )
5. श्री रामचन्द्र जी 14 साल तक जंगल में रहे। – ( )

3. जंगल में कौन कौन से जानवर रहते है, सूची बनाओ।

4. जंगल के न होने से क्या होगा?

5. तुम जंगल में क्या क्या देखना चाहोगे?

6. जंगल के बारे में तुम जो जानते हो, उसे अपने शब्दों में लिखो।

7. जंगल से क्या क्या लाभ है?

8. जंगल किन कारणो से नष्ट हो रहे हैं?

9. जंगलों को नष्ट होने से बचाने के लिए तुम क्या करना चाहेगे?

## पोर्टफोलियो

1. जंगल के बारे में एक गीत या कविता लिखो।
2. 'वन का महत्व, विषय पर रचना लिखो।
3. जंगल का चित्र बनाओ।
4. किसी जंगली जानवर का चित्र बनाकर उसमें रंग भरो।

## प्रदत्त कार्य

1. जंगल से हमें क्या क्या चीजें मिलती है? उनका हमारे दैनिक जीवन में क्या उपयोग है? उनके बारे में लिखो।
2. जंगली जानवरों का चित्र ढूँढ़कर स्क्रेप बुक में लगाओ तथा उन जानवरों के नाम लिखकर उनकी कोई दो विशेषताएँ लिखो।

## बालसभा

1. क्या तुम कभी जंगल गए हो? तुमने जंगल में क्या क्या देखा अपने अनुभवों को अपने साथियों को बताओ।
2. 'जंगल से संबंधित नारे, कविताएं, गीत आदि, संकलित करके सुनाओ।

# पाठ - 14

# रेशम, चंदन और सोने की धरती कर्नाटक

सही उत्तर पर ✔ का निशान लगाओ–

1. 'मछली' का बहुवचन होगा–
   (अ) मछलियाँ (ब) मछलिया (स) मछलियाँ
2. 'अग्रणी' का अर्थ है–
   (अ) आगे रहने वाला (ब) पीछे रहने वाला (स) मध्य में रहने वाला
3. नीचे दिए गए शब्दों में से एक शब्द शुद्ध है, उसे पढ़ों और पहचानो–
   (अ) परसाद (ब) आकर्षण (स) खिड़की
4. हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश की राजधानी है–
   (अ) रतनपुर (ब) बिलासपुर (स) रायपुर
5. छत्तीसगढ़ को कहा जाता है–
   (अ) धान का गिलास (ब) धान की थाली (स) धान का कटोरा
6. 'पर्यटक' का पर्यायवाची है–
   (अ) सैलानी (ब) अग्रणी (स) विख्यात
7. सोने (स्वर्णधातु) से बनते हैं–
   (अ) गहने (ब) खाने का सामान (स) पेय पदार्थ
8. 'बंदरगाह' उस जगह को कहते हैं जहाँ–
   (अ) बड़े–बड़े जहाज आकर खड़े होते हैं (ब) बड़ी–बड़ी रेलगाड़ियां आ सकती है
   (स) बड़े–बड़े वायुयान आकर उतरते हैं
9. 'रेशम' बनता है–
   (अ) कपास से (ब) कोकून से (स) कागज से
10. जब हम घर पर चंदन की अगरबत्तियाँ लगाते हैं तब बहुत अच्छी खुशबू है। तुम पता करो कि, चंदन के वृक्ष कहाँ–कहाँ पाए जाते हैं?

11. हमारे प्रदेश के वनों में एक बहुमूल्य वृक्ष बहुतायत में पाया जाता है। उस वृक्ष का नाम एवं उसकी लकड़ियों के कोई दो उपयोग लिखो।

**गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

छत्तीसगढ़ मध्यभारत में है। इसे 'धान का कटोरा' कहते हैं। झारखंड, उड़ीसा, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश छत्तीसगढ़ की सीमा को छूने वाले राज्य हैं। यहाँ की प्रमुख आजीविका खेती है। मुख्यतः यहाँ लोहा, कोयला, बाक्साइट, मैंगनीज, हीरा आदि खनिज मिलते हैं। गंगरेल, हसदेव, बाँगों यहाँ के प्रमुख बांध है। करमा, ददरिया, प्रमुख लोकगीत है। पंथी, कर्मा, सुआ, राऊतनाचा यहाँ के प्रमुख नृत्य है। छत्तीसगढ़ तेजी से विकास कर रहा है।

**12. छत्तीसगढ़ की सीमा को छूने वाला राज्य है–**

(अ) कर्नाटक (ब) उड़ीसा (स) जम्मू कश्मीर

**13. यहां की मुख्य आजीविका है–**

(अ) पशुपालन (ब) खेती (स) मछली पालन

**14. 'करमा' और 'ददरिया' हैं–**

(अ) लोकगीत (ब) लोकसंगीत (स) लोकनाटक

**15. छत्तीसगढ़ के प्रमुख बाँधों के नाम लिखो।**

**16. छत्तीसगढ़ के किन्हीं चार खनिजों के नाम लिखो।**

**17. अपने क्षेत्र के लोकनृत्यों और लोकगीतों के बारे में लिखो।**

**18. तुम अपने क्षेत्र में कौन–कौन से प्रमुख त्यौहार मानते हो? त्यौहारों के नाम लिखो।**

**प्रदत्त कार्य**

तुम्हारे क्षेत्र में दशहरा कैसे मनाया जाता है, पाँच वाक्यों में लिखो।

**पोर्टफोलियो**

छत्तीसगढ़ के पर्यटन केन्द्रों की सूची बनाओ और यदि मिल सके तो कुछ चित्र भी अपनी फाईल में लगाओ।

# पाठ - 15
# एक और गुरु-दक्षिणा

**सही उत्तर चुनकर सही ✔ का निशान लगाओ।**

1. **इनमें से सही शब्द है–**
   (अ) प्रसन्नता (ब) प्रसंनता (स) प्रश्नता
2. **'तबाह' का शब्दार्थ है–**
   (अ) तबाही (ब) नष्ट (स) कपट
3. **'कुशल' का विलोम / विपरीत अर्थ है–**
   (अ) कारीगर (ब) अकुशल (स) मंगल
4. **'तेज' दौड़ने में से 'तेज' शब्द है–**
   (अ) संज्ञा (ब) सर्वनाम (स) विशेषण
5. **विजय के जन्मदिवस पर मैं उसे एक अच्छा ............................. दूँगा।**
   (अ) उपकार (ब) उपहास (स) उपहार
6. **मनुष्यों द्वारा उठाई जाने वाली सवारी .................. कहलाती है–**
   (अ) ढोलकी (ब) पालकी (स) फुलकी
7. **रास्ता चलने वाला .................... कहलाता है–**
   (अ) राहगीर (ब) फकीर (स) लकीर
8. **गाँव के सब व्यक्ति मिलजुल कर कुआँ खोद रहे थे। वाक्य में क्रिया शब्द है–**
   (अ) गाँव (ब) मिलजुल (स) खोद

**नीचे लिखे गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

यह महाभारत की कथा है। एक विद्वान ब्राह्मण था द्रोणाचार्य। वह कौरवों पाण्डवों को शिक्षा देता था। अर्जुन गुरु द्रोणाचार्य का प्रिय शिष्य था। वह गुरुकृपा से विश्व का सबसे श्रेष्ठ धनुर्धर था। अर्जुन के निशाने अचूक होते थे। वह रोज कड़ा अभ्यास करता था। उसने महाभारत की लड़ाई में एक नायक का काम किया। यद्यपि उस युग में कई बड़े धनुर्धर हुए, जैसे–भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, अश्वत्थामा, दानवीर कर्ण आदि। एकलव्य भी अद्भुत प्रतिभा का धनी था। नीच जाति का होने के कारण द्रोणाचार्य ने उसे शिक्षा देने से मना कर दिया था। लेकिन वह देवर्षि नारद के कहने पर आचार्य द्रोण की प्रतिमा बनाकर कठिन अभ्यास करने लगा। वह गुरु के कहने पर दाएँ हाथ के अँगूठे को दान में दे दिया। वह अर्जुन से बड़ा गुरुभक्त हुआ। कर्ण ने अपनी जाति छिपाकर भगवान परशुराम से विद्या प्राप्त की लेकिन समस्या आने पर वह अपनी विद्या का उपयोग नहीं कर पाया। अर्जुन ने कर्ण का वध कर डाला।

**9. द्रोणाचार्य का प्रिय शिष्य थ–**

(क) अर्जुन (ख) कर्ण (ग) एकलव्य

**10. सबसे बड़ा गुरूभक्त था–**

(क) अर्जुन (ख) कर्ण (ग) एकलव्य

**11. कर्ण के गुरू का नाम था–**

(क) भीष्म (ख) परशुराम (ग) द्रोणाचार्य

**12. एकलव्य ने दान में दे दिया–**

(क) पैसा (ख) धनुष (ग) दाएँ हाथ का अँगूठा

**13. अर्जुन श्रेष्ठ धनुर्धर बना, क्योंकि–**

(क) वह द्रोण का शिष्य था (ख) वह गदा नहीं चलाता था (ग) उसने कड़ा अभ्यास किया

**14. तुम अपने शिक्षक के साथ कैसा व्यवहार करते हो?**

**15. अच्छे विद्यार्थी में कौन–कौन से गुण हो सकते हैं ?**

**16. अगर पढ़ने हेतु पाठशाला नहीं होती तो क्या होता ?**

**17. तुम्हे कौन से शिक्षक अच्छे लगते हैं और क्यों ? लिखो।**

**प्रदत्त कार्य**

लोगों की भलाई के लिए किया गया काम जनहित कहलाता है। अपने घर के बड़े बुजुर्गों से पता करो और ऐसे किसी जनहित के कार्य के बारे में लिखो।

**पोर्टफोलियो**

गुरुभक्ति पर कोई कविता, कहानी, गीत, संकलित कर पोर्टफोलियों में रखो।

# पाठ - 16

## पत्र

**सही उत्तर पर ✔ का निशान लगाओ–**

1. **इनमें से 'ी' की मात्रा जोड़कर बनाए गए शब्द हैं–**
   (अ) वापसी, कमी, देरी (ब) मस्त, गलत, तेज (स) नाम, काम, दाम
2. **'बुद्धि' शब्द को तोड़कर ऐसे लिखा जाएगा–**
   (अ) बु + द् + धि (ब) बु + द + धी (स) ब + ु + द् + ि + ध
3. **इनमें से किस वाक्य से पता चलता है कि काम भविष्य में होगा–**
   (अ) आरती अपने भाई के साथ आएगी। (ब) हमने छुट्टियाँ बिताई थीं।
   (स) कांता दिल्ली में रहती है।
4. **इनमें से 'इयाँ' प्रत्यय लगाकर बनाया गया है–**
   (अ) शालाओं (ब) पुस्तकें (स) लड़कियाँ
5. **'दूषित होना' इनमें से किस शब्द का अर्थ है?**
   (अ) दूर होना (ब) प्रतीक्षा (स) प्रदूषण
6. **जब डाकघर और डाकिएं नहीं होते थे, तो आदमी अपना संदेश कैसे पहुँचाते होंगे? सोचकर लिखो।**
7. **आजकल पत्र लिखने की जगह पर लोग संदेश किन–किन माध्यमों से भेजते हैं?**
8. **पत्र लिखते समय अपने समान उम्र के मित्रों को नमस्ते लिखा जाता है। अपने से बड़ो के लिए तुम क्या लिखोगे?**
9. **अगर तुम्हें कभी रेल से यात्रा करने का अवसर मिले तो तुम कहाँ जाना चाहोगे और क्यों?**

**पोर्टफोलियो**

महात्मा गांधी, पं. जवाहर लाल नेहरू और सुभाषचंद्र बोस आदि महापुरुषों ने अपने पुत्र–पुत्रियों को पत्र लिखा है। कोई एक पत्र ढूंढ़कर पढ़ों और उसे लिखकर अपने पोर्टफोलियों में रखो।

प्रदत्त कार्य तुमने पत्र लिखने के लिए प्रयोग में आने वाले पोस्टकार्ड, अंतर्देशीय पत्र या लिफाफा देखा होगा। यदि नहीं तो उसे डाकघर से अपने शिक्षक से मंगवाकर देखों तथा उसमें क्या–क्या लिखा होता है, पढ़ो और समझो।

# पाठ - 17
# जीवन के दोहा

**सही उत्तर पर ✔ का निशान लगाओ–**

**1. 'संत' शब्द का विलोम/विपरीत अर्थवाला शब्द है–**

(अ) ज्ञानी (ब) असंत (स) बसंत

**2. इनमें से समान ध्वनि वाले शब्दों की जोड़ी है–**

(अ) आधा–पूरा (ब) आगे–पीछे (स) नीच–बीच

**3. 'अमृत' शब्द का पर्यायवाची है–**

(अ) विष, जहर (ब) पेड़, तरू (स) सुधा, अमिय

**4. इनमें से किस वाक्य में 'पालन–पोषण' का सही प्रयोग हुआ है–**

(अ) कुत्ता एक पालतू जानवर है। (ब) सविता का पालन–पोषण उसके नाना जी ने किया।

(स) कई घरों में बिल्लियाँ पाली जाती है।

**5. 'विष' शब्द का समानार्थी/समान अर्थ वाला शब्द है–**

(अ) सुधा (ब) नीर (स) जहर

**6. नीचे लिखे शब्दों का अपनी भाषा में लिखो।**

(अ) मानव (ब) पैर (स) खुजली

**7. नीचे लिखे वाक्यों को अपनी भाषा में लिखो–**

(अ) हमें सीखना चाहिए। (ब) तुम कहाँ रहते हो?

**पोर्टफोलियो**

तुम्हारे गाँव या मुहल्ले में तुम्हारी भाषा में कई पहेलियाँ प्रचलित होंगी। कोई दो पहेलियाँ सुनकर लिखो। उसे अपने पोर्टफोलियों में रखो।

प्रदत्त कार्य

तुमने कबीर या रहीम के दोहे अवश्य पढ़ा होगा। किसी पाठ्यपुस्तक से कबीर या रहीम के दोहे ढूँढकर लिखो।

# पाठ - 18
# हार नहीं होती

**नीचे लिखे वाक्यों को ध्यान से पढ़ो और सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करो–**

1. **लहरों से डरकर ................................ पार नहीं होती।**
   (अ) व्यक्ति (ब) नौका (स) गोताखोर
2. **असफलता एक ................................ है, स्वीकार करो।**
   (अ) चुनौती (ब) बात (स) जीत
3. **'सिंधु' का पर्यायवाची है–**
   (अ) समुद्र (ब) तालाब (स) नदी
4. **'चैन' का अर्थ है–**
   (अ) विश्वास (ब) अशांति (स) शांति
5. **इनमें से 'कठिन' का उल्टा/विपरीत अर्थ वाला शब्द है–**
   (अ) संघर्ष (ब) सरल (स) उत्साह
6. **'हस्त' एक तत्सम शब्द है इनमें से इसका तद्‌भव रूप होगा–**
   (अ) हाथ (ब) हार (स) हर
7. **इनमें से शब्द का शुद्ध रूप है–**
   (अ) चूनौती (ब) चुनौति (स) चुनौती
8. **'चैन की नींद सोना' इस मुहावरे का अर्थ है–**
   (अ) निश्चिन्त रहना (ब) निश्चित रहना (स) निर्णय करना
9. **'पुलिस को देखकर चोर ................................।**
   इस वाक्य को उचित मुहावरे से पूरा करो–
   (अ) मैदान छोड़कर भाग गया (ब) चैन की नींद सो गया (स) खाली हाथ लौट गया
10. **इस वाक्य को ध्यान से पढ़ो और पूरा करो–**
    'पांडवों ने बारह वर्ष का वनवास सहा किन्तु ........................ नहीं मानी।
    (अ) विश्वास (ब) हार (स) संघर्ष
11. **परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए तुम क्या–क्या तैयारी करते हो?**

12. **यदि हम किसी काम को करने में किसी कारणवश असफल हो जाते हैं तो हमें निराश क्यों नहीं होना चाहिए? लिखो।**

**13. लगातार कोशिश करते रहने की हमारे जीवन में क्या उपयोगिता है? लिखो।**

**इस कविता को ध्यान से पढ़ो और प्रश्नों के उत्तर बताओ।**

'' नन्हीं चींटी प्यारी चींटी कितनी है तू मेहनत करती।
टेढ़ी–मेढ़ी दीवारों पर, दाना लेकर चढ़ती–उतरती।
कभी तू गिरती कभी सम्हलती,पता नहीं तू क्यूँ नहीं थकती।''

**14. चींटी कैसी है?**

**15. नन्हीं चींटी क्या करती है?**

**16. चींटी कैसी दीवारों पर भी चढ़ जाती है?**

**17. चींटी बार–बार गिरकर भी क्यों नहीं थकती है?**

## प्रदत्त कार्य

- ऐसी कोई दो छोटी कविता ढूँढ़ों और लिखो जो हमें मेहनत करने के लिए प्रेरित करती है।
- खेत में किसान लगातार मेहनत करके अनाज उगाता है। गोताखोर समुद्र की गहराई में डुबकी लगाकर मोती निकालता है और कौन–कौन से व्यक्ति हैं? जो हमेशा मेहनत, संघर्ष कर देश की सेवा करते हैं। उनके बारे में लिखो।

## पोर्टफोलियो

प्रेरणा देने वाले शब्द मेहनत, जीत, विश्वास आदि शब्दों पर छोटी–छोटी कविताएँ लिखो। अपने साथियों को सुनाओ और अपनी फाईल में उसे जमा करो।

# पाठ - 19
# राष्ट्र-प्रहरी

**सही उत्तर चुनकर ✔ का निशान लगाओ।**

1. **इनमें से 'रसद' का अर्थ है–**
   (अ) भोजन–सामग्री (ब) रसदार (स) रासता
2. **इनमें से 'कुशल' का विलोम शब्द है–**
   (अ) अकुशल (ब) कौशल (स) कलाकार
3. **देश की सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व होता है–**
   (अ) शिक्षक पर (ब) सेना पर (स) डॉक्टर पर
4. **सैनिक हरदम रहता है–**
   (अ) सजग (ब) कमजोर (स) लापरवाह
5. **शुद्ध शब्द है–**
   (अ) अनुसासन (ब) अनूशासन (स) अनुशासन
6. **'वीरता' शब्द में प्रत्यय है–**
   (अ) आ (ब) ता (स) अ
7. **राष्ट्रीय पर्व है–**
   (अ) दीपावली (ब) दशहरा (स) 15 अगस्त
8. **अच्छे विद्यार्थी का गुण है–**
   (अ) अनुशासन (ब) वीरता (स) कठोरता
9. **नीचे दिए गए अनुच्छेद में उचित विराम चिह्नों का प्रयोग कर लिखो।**

   घटना युद्ध के समय की है जर्मनी की सेना के एक उच्च अधिकारी अपने कुछ सैनिकों के साथ युद्ध के घोड़ों के लिए घास एकत्र करने निकले उन्हें रास्ते में एक किसान आता मिला उन्होंने उसे पकड़कर कहा चलकर बताओं कि इस गाँव में किस खेत में अच्छी फसल है हमें अपने घोड़े के लिए चारा चाहिए हम उसी खेत में से चारा लेंगे बेचारा किसान उनके साथ चल पड़ा चारों ओर खेत लहलहा रहे थे सभी खेतों में शानदार फसल थी सैनिक चाहते थे कि वहीं किसी भी खेत से फसल काट लें।
10. **तुम्हें विद्यालय की पुस्तकालय में जाकर पढ़ना कैसा लगता है? लिखो।**

11. **तुमने अपने घर में कौन सा अच्छा काम किया है, जिसके कारण तुम्हें तारीफ मिली हो। सोचकर लिखो।**

12. 'बाढ़' प्राकृतिक आपदा है और कौन–कौन सी प्राकृतिक आपदाओं के बारे में जानते हो ? लिखो।
13. तुम घर के कामों में अपने माता–पिता की सहायता के लिए कौन–कौन सा काम करते हो लिखो।
14. एक अच्छे विद्यार्थी में कौन–कौन से गुण होते हैं? लिखो।
15. तुम दूरदर्शन पर 26 जनवरी एवं 15 अगस्त को परेड का कार्यक्रम देखते होंगे। क्या तुम परेड की जगह पर जाकर कार्यक्रम देखना चाहेगे, क्यों?
16. तुम पुलिस के बारे में जानते हो। वह क्या–क्या काम करती है? लिखो।
17. तुम्हारे घर का कोई सदस्य बीमार पड़ता है, तो तुम उसकी सेवा किस प्रकार करते हो? लिखो।
18. तुम बड़े होकर क्या बनना चाहते हो? लिखो।

### प्रदत्त कार्य

डॉक्टर क्या काम करते हैं? लिखो।

### सर्वे कार्य

बड़ों से पूछकर लिखो–

1. वीरता का पुरस्कार किसे दिया जाता है?
2. सराहनीय कार्य कौन–कौन से हैं?

### पोर्टफोलियो

सैनिक का, डॉक्टर का चित्र एकत्र करके अपने पोर्टफोलियो में चिपकाओ।

# पाठ - 20
# मस्जिद या पुल

**सही उत्तर चुनकर ✔ का निशान लगाओ–**

1. **इनमें से सही शब्द है–**
   (अ) नयौता (ब) न्योता (स) न्यौता
2. **'मुश्किल' का अर्थ है–**
   (अ) मुशकिल (ब) मुकाबला (स) कठिनाई
3. **रहमान साइकिल ........................... कर चलाना।**
   (अ) संभाल (ब) दौड़ (स) कूद
4. **रमा, गीता, सलमा बहुत खुश हैं, क्योंकि आज ......................... मेला घूमने गई थीं।**
   (अ) हम (ब) वह (स) वे
5. **रोहित, लोकेश और रमेश ने खेल खेलने की एक ...................... बनाई।**
   (अ) उपाय (ब) योजना (स) प्रयास
6. **इनमें से 'खूबसूरत' शब्द का विलोम शब्द है–**
   (अ) असूरत (ब) बदसूरत (स) बतसूरत
7. **बिल्ली को देखकर चूहे 'नौ दो ग्यारह' हो गए। इस वाक्य में 'नौ दो ग्यारह होना' का क्या अर्थ है–**
   (अ) भाग गए। (ब) इकट्ठे हो गए। (स) ग्यारह चूहे आ गए।
8. **छत या किसी ऊपर की जगह पर चढ़ने के लिए तुम किन–किन चीजों का उपयोग करते हो? लिखो।**
9. **सड़क बनाने से हमें क्या–क्या सुविधाएँ होती है? लिखो।**
10. **सोचो और लिखो कि यदि पुल न हो तो क्या–क्या परेशानियाँ होंगी?**

**प्रदत्त कार्य**: क्या तुमने पुल या पुलिया देखा है पता करो और लिखो उसे कौन बनवाता है और कौन–कौन मिलकर बनाते हैं?

**पोर्टफोलियो**: नाव एवं नदी का चित्र बनाकर रंग भरों और 'नाव' पर कोई कविता या कहानी बनाओ।

# पाठ - 21
## सुनता के डोर

**सही उत्तर चुनकर ✔ का निशान लगाओ–**

1. **बरसात के मौसम में जब पानी न गिरे, तब ...................... पड़ता है–**
   (अ) बाढ़ (ब) अकाल (स) ठंड
2. **'जन्मजात' का अर्थ है–**
   (अ) जन्म से ही (ब) जन्म–जन्म तक (स) जन्म होना
3. **'हानि' का विलोम शब्द है–**
   (अ) लाभ (ब) हार (स) नुकसान
4. **इनमें से क्रिया शब्द है–**
   (अ) फूल (ब) सुन्दर (स) बनाना
5. **'लिखना' शब्द .......................... है।**
   (अ) संज्ञा (ब) सर्वनाम (स) क्रिया
6. **दिए गए शब्दों को अपनी भाषा में लिखो–**
   (अ) प्याज ................................ (ब) रस्सी ................................
   (स) चिड़िय ................................
7. **दिए गए वाक्यों को अपनी भाषा में लिखो–**
   (1) तुम्हारा क्या नाम है? ..................................
   (2) आओ खेल खेलें। ..................................
8. **सोचो और बताओं इनमें से किन दो के बीच दोस्ती हो सकती है–**
   (अ) गाय और बकरी में (ब) तितली और भौरों में (स) चूहे और बिल्ली में
9. **तुम अपने सबसे प्रिय मित्र का नाम लिखो और उसकी कौन–कौन सी पाँच बातें अच्छी लगती है, लिखो।**

**प्रदत्त कार्य** : अपने घर या आस–पास के बड़े–बुजुर्गों से कोई कहानी सुनो और अपनी भाषा में उसे लिखो।

**पोर्टफोलियो** : कछुए का चित्र बनाकर रंग भरो।

# पाठ - 22
# महापुरुषों का बचपन

**सही उत्तर चुनकर ✔ का निशान लगाओ–**

1. **स्त्रीलिंग शब्द है–**
   (अ) मोटा (ब) युवती (स) छोटा
2. **पुल्लिंग शब्द है–**
   (अ) बालक (ब) बूढ़ी (स) अच्छी
3. **विद्यालय को हमेशा ............................ रखना चाहिए–**
   (अ) साफ (ब) गंदा (स) खराब
4. **'निडर' शब्द का अर्थ है–**
   (अ) डरना (ब) सहमना (स) निर्भय
5. **माता–पिता सदा ........................ बोलने के लिए प्रेरित करते है।**
   (अ) सत्य (ब) असत्य (स) अनावश्यक

**का, को, में, से, ने, का उपयोग करते हुए रिक्त स्थानों की पूर्ति करो।**

6. तुम्हारे विद्यालय ................... नाम क्या है?
7. पेड़ ................... पत्ते गिरते हैं।
8. मिठाई देखकर मुँह ................... पानी आ जाता है।
9. भारती ................... गाना गाया।
10. सोहन ................... आज बुखार है।
11. **स्वतंत्रता मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और उसे मैं लेकर ही रहूँगा। यह नारा किसने दिया था–**
    (अ) लोकमान्य बालगंगाधर तिलक (ब) सुभाषचंद्र बोस (स) महात्मा गांधी
12. **महात्मा गांधी का पूरा नाम क्या था?**
13. **पंडित जवाहरलाल नेहरू जी बच्चों को क्या कहकर बुलाते थे?**
14. **तुम अपने घर को साफ रखने के लिए क्या–क्या काम करते हो?**
15. **तुम अपने घर में किस–किस का आदर करते हो?**
16. **उन पाँच महापुरुषों के नाम लिखो, जिनके कार्यों से तुम प्रभावित हो।**

17. तुम्हारे साथ कभी ऐसा हुआ है, कि तुम्हारे मित्र की गलती की सजा तुम्हें मिली है? लिखो।

18. महापुरूषों को उनके कार्यों के कारण जाना जाता हैं। तुमको जाना जाए, इसके लिए तुम क्या करना चाहते हो। लिखो।

19. नकल करना किसे कहते हैं? क्या नकलकर के लिखना अच्छा होता है?

**प्रदत्त कार्य**

मोहन दास करमचंद गांधी किसका नाम था?

स्वामी विवेकानंद के बारे में पाँच लाइन लिखो।

जय जवान–जय किसान का नारा किसने दिया था।

**पोर्टफोलियो**

चित्र बनाकर पोर्टफोलियों में चिपकाओ–

1. महात्मा गांधी
2. जवाहर लाल नेहरू

# पाठ - 23

# हम उजाला जगमगाना चाहते हैं

सही उत्तर चुनकर ✔ का निशान लगाओ–

1. किसान ............................ काम करता है–

(अ) खेत में (ब) बाजार में (स) दुकान में

2. समाज में आर्थिक ......................... है।

(अ) समानता (ब) असमानता (स) असहजता

3. सूरज से ......................... मिलता है।

(अ) अंधेरा (ब) उजाला (स) जगमगाना

4. विद्यालय ......................... जाना चाहिए।

(अ) समय पर (ब) कभी–कभी (स) कभी भी

5. हमें अपनी कक्षा को हमेशा ......................... रखना चाहिए।

(अ) खराब (ब) साफ (स) बिखरा

6. निरक्षरता शब्द का अर्थ ............................. है।

(अ) अक्षर ज्ञान होना (ब) अक्षर ज्ञान न होना (स) अक्षर को पढ़ पाना

7. 'आँखों का तारा' मुहावरे शब्द का अर्थ ............................. है।

(अ) प्यारा होना (ब) खराब होना (स) पसंद करना

8. रात के समय आकाश में ......................... जगमगाते है–

(अ) सूरज (ब) तारे (स) पृथ्वी

9. 'किसान खेत में अनाज उगाता है।' इस वाक्य में क्रिया शब्द .................... है।

(अ) खेत (ब) अनाज (स) उगाता

10. हमें हमेशा ऐसे काम करने चाहिए जिससे हमारा सिर ......................... रहे।

(अ) झुका (ब) उठा (स) कटा

11. घर के आसपास का स्थान साफ रखने के लिए तुम क्या करते हो? लिखो।

12. तुम शिक्षा प्राप्त करने के बाद कौन–सा काम करना चाहते हो? लिखो।

13. छोटे–भाई बहन को पढ़ाओं और लिखो कि तुम्हें उनको पढ़ाने में कैसा लगता है?

**14. यदि किसान अनाज न उगाएं, तो क्या होगा, लिखो।**

**15. शिक्षक का कार्य पढ़ाना है, उसी प्रकार तुम्हारे आसपास जो लोग रहते हैं, उनके कार्यों के बारे में लिखो।**

### प्रदत्त कार्य

अपने आसपास साफ रखने के लिए तुम क्या–क्या करोगे, लिखो।

### सर्वे कार्य

1. किसान के द्वारा उगाए जाने वाले पाँच अनाजों के नाम लिखो।
2. कुम्हार मिट्टी के बर्तन बनाता है उसके बनाए हुए पाँच बर्तनों के नाम लिखो।

### पोर्टफोलियो

उगते हुए सूरज का चित्र बनाकर अपने पोर्टफोलियो में चिपकाओ।

# पाठ - 24
# बाबा अंबेडकर

**दिए गए अंश को पढत्रकर नीचे लिखे प्रश्नों के सही उत्तर पर ✔ निशान लगाओ–**

विदेश में रहकर डॉ. अंबेडकर ने दो पुस्तकें लिखी थीं। धीरे–धीरे उनकी विद्वता की धीक जमने लगी। मुंबई के एक कॉलेज में उन्हें प्रोफेसर के पद पर नियुक्त कर लिया गया किन्तु यहाँ भी झंझट थी। धर्म के कट्टर लोग उनसे घृणा करते थे। किसी प्रकार भीमराव ने दो वर्ष निकाले। अंत में यहाँ भी उन्हें त्यागपत्र देना पड़ा। अब उन्होंने छुआछूत की बुराई से लड़ने के लिए मूलनायक नामक साप्ताहिक पत्र निकालना प्रारंभ किया। धन की कमी के कारण कुछ समय बाद ही उसे बंद करना पड़ा। भीमराव पढ़ने के लिए फिर लंदन चले गए। वहाँ तीन वर्ष रहकर उन्होंने अर्थशास्त्र में डॉक्टर की उपाधि प्राप्त की। सन् 1923 में वे मुंबई लौट आए और उन्होंने वकालत आरंभ कर दी।

1. **विदेश में रहकर डॉ. अंबेडकर ने कितनी पुस्तकें लिखीं?**
   (अ) तीन पुस्तकें (ब) दो पुस्तकें (स) चार पुस्तकें
2. **डॉ. अंबेडकर मुंबई के कॉलेज में कितने वर्ष रहे?**
   (अ) एक वर्ष (ब) तीन वर्ष (स) दो वर्ष
3. **डॉ. अंबेडकर ने कौन–सा साप्ताहिक पत्र निकाला?**
   (अ) मूलनायक (ब) भीमनायक (स) महानायक
4. **डॉ. अंबेडकर पढ़ने के लिए कहाँ गए?**
   (अ) मुंबई (ब) लंदन (स) पेरिस
5. **उन्होंने किस विषय में डॉक्टर की उपाधि प्राप्त की?**
   (अ) राजनीति शास्त्र में (ब) वनस्पति शास्त्र में (स) अर्थ शास्त्र में
6. **मुंबई लौटकर उन्होंने क्या किया?**
   (अ) वकालत प्रारंभ की (ब) कॉलेज में अध्यापन किया (स) साप्ताहिक अखबार निकालने लगे
7. **प्रत्येक गाँव/शहर में विभिन्न जातियों के लोग मिलकर रहते हैं। तुम्हारे गाँव के आपसी प्रेम और एकता का कोई एक उदाहरण लिखो।**
8. **तुम्हें अपने समाज की कौन–सी रीतियाँ बुरी लगती हैं? सोचकर लिखो।**
9. **जाति के आधार पर कोई छोटा या बड़ा नहीं होता है। तुम छोटा या बड़ा किसे मानते हो? लिखो।**

**प्रदत्त कार्य :**

जो लोग दूसरों के भलाई के लिए काम करते हैं, उन्हें समाज सेवक कहते हैं। अपनी जाति अथवा समाज के ऐसे किसी समाजसेवक के बारे में पता करो और उनके काम के बारे में लिखो।

# पाठ - 25
## चमत्कार

**सही उत्तर चुनकर ✔ का निशान लगाओ–**

**1. 'टीम–टाम' का सही अर्थ है–**

(अ) घोड़ा–गाड़ी (ब) घंटी (स) दिखावे की वस्तुएँ

**2. 'खुसूर–फुसुर' का सही अर्थ है–**

(अ) बहुत धीमी बातचीत की आवाज (ब) जोर–जोर से बोलने की आवाज (स) साँप के फुफकारने की आवाज

**3. 'कष्ट' का विलोम शब्द है–**

(अ) नष्ट (ब) आनंद (स) काँटा

**4. 'वेश–भूषा' का शब्दार्थ है–**

(अ) पहनावा (ब) भूँसा (स) गहने

**5. 'भस्म' का शब्दार्थ है–**

(अ) राख (ब) फल (स) फूल

**6. 'बराबरी' का 'विलोम' शब्द होगा–**

(अ) बड़ा और बड़ी (ब) गैर–बराबरी (स) छोटा–बड़ा

**निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दो–**

7. कैसे लोग ढोंगी लोगों की बात में आकर फँस जाते हैं?

8. लोग ढोंगियों की बातों में आकर न लुटें इसके लिए हमें क्या–क्या करना चाहिए?

9. चमत्कार, धर्म या ईश्वर के नाम पर लोगों को ठगना क्या उचित है? अपने शब्दों में लिखो।

10. ढोंगियों से समाज को क्या हानि है? लिखो।

11. कुछ लोग साधु–महात्मा होने का ढोंग कर लूटते हैं। क्या तुम ढोंगी साधु–महात्माओं के अलावा और भी ढोंगियों के बारे जानते हो? लिखो।

**प्रदत्त कार्य :**

1. लोगों को ठगों से सावधान करने के लिए एक–चेतावनी संदेश लिखो।
2. क्या वास्तव में चमत्कार होता है? विचार कर अपना मत लिखो।

**पोर्टफोलियोः**

अखबारों में आए दिन ठगी की खबरें छपती हैं? ऐसी खबरों को एकत्रित कर स्कूल की दीवार पर तथा अपने पोर्टफोलियो में चिपकाओ।